पुस्तकालय

सत्यमेव जयते

(1)
3156
18/5/2011

असंशोधित

29 MAR 2011

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

**(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)**

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०सं० 752 तिथि 15-5-11

टर्न-9/29.3.2011/बिपिन..

श्री प्रदीप कुमार: माननीय अध्यक्ष महोदय, गांव से कम-से-कम दो सौ मीटर दूरी उत्तर और दो सौ मीटर दक्षिण तक, गांव की सुरक्षा के लिए, बालु उठाव पर पाबंदी लगाने का मंत्री जी...

श्री सत्यदेव नारायण आर्य,मंत्री: माननीय सदस्य अगर मेरे उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं तो इसको मैं दिखवा लुंगा ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य के प्रश्न को सकारात्मक दृष्टिकोण से ले लीजिए ।

श्री सत्यदेव नारायण आर्य,मंत्री: अध्यक्ष महोदय, ....व्यवधान..

श्री प्रदीप कुमार: माननीय अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी वहां रोकने की बात कहां बोले ! हम बात बता रहे हैं- गांव में कटाव की संभावना....

अध्यक्ष : उठाव वहां रोकवा देंगे माननीय मंत्री जी । सकारात्मक रूप से उस पर विचार करेंगे । बैठिये ।

<u>तारांकित प्रश्न सं01989 (श्री प्रेम रंजन पटेल)</u>

श्री प्रशांत कुमार शाही, मंत्री: महोदय, क्षमा प्रार्थी हूं । इसमें समय चाहिए महोदय ।

अध्यक्ष : समय चाहिए ।